Teachingninja.in

Latest Govt Job updates

Private Job updates

Free Mock tests available

Visit - teachingninja.in

Teachingninja.in

# CGPSC
# AMO

## Previous Year Paper
### 15 Sept 2022

Teachingninja.in

CGPSC-22

1. ''सर्वेषु चाष्टमोंभाग: कल्कानां लवणं पुन:।
क्षौद्रं मूत्रं फलं —— ॥''
कौन-सी वस्ति है ?
(A) माधुतैलिक
(B) अनुवासन
(C) निरुह
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

2. ''आर्दिताकृतिकरणं च व्याधि:।'' चरक मतानुसार यह किस व्याधि का पूर्वरूप है ?
(A) अपस्मार
(B) पक्षाघात
(C) उन्माद
(D) अतत्वाऽभिनिवेष

3. सुदर्शन चूर्ण का मुख्य घटक क्या है ?
(A) कट्फल (B) काकमाची
(C) वासा (D) किरातिक्त

4. चरकानुसार अर्श से ग्रसित रोगी में पाण्डु तथा पादगत शोफ उत्पन्न हो जाने पर निम्नलिखित में से किस औषध का प्रयोग करना चाहिए ?
(A) नगरादि चूर्ण
(B) चित्रकादि गुटिका
(C) पुनर्नवा मंडूर
(D) कंसहरीतकी

5. गृद्धि: सर्वरसानां यह किस व्याधि का लक्षण है ?
(A) वातज ग्रहणी दोष
(B) पित्तज ग्रहणी दोष
(C) वातज उदर रोग
(D) कफज उदर रोग

6. ''वातपित्तहरा चेष्टा सर्वेव शिशिरा क्रिया।'' वाग्भट्ट मतानुसार यह किससे संबंधित है ?
(A) अग्निकर्म (B) क्षारकर्म
(C) जलौका (D) व्रण

7. सुश्रुत के अनुसार भगंदर शस्त्रकर्म में वेदना शमनार्थ किस तैल का प्रयोग करते हैं ?
(A) यष्टिमधु तैल (B) बला तैल
(C) चक्र तैल (D) अणु तैल

8. चरक द्वारा मेध्य रसायन में वर्णित यष्टिमधु चूर्ण का अनुपान है :
(A) क्षीर
(B) मधु
(C) शीतोदक
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

9. ''पूर्ववत कुपिते पित्ते दौर्गन्ध्यं क्षीरमृच्छति।
पाण्डवामायस्तत्पिवत: —— च भवेच्छिशो: ॥''
चरक मतानुसार यह किस व्याधि से संबंधित है ?
(A) अतिसार (B) अजीर्ण
(C) कामला (D) ज्वर



Scanned with CamScanner
Teachingninja.in

10. आचार्य वाग्भट्ट अनुसार शस्नादि घृत का रोगाधिकार क्या है ?

(A) कास
(B) वातव्याधि
(C) राजयक्ष्मा
(D) वातरक्त.

11. बालचतुर्भद्र चूर्ण के घटक हैं :

(A) हरीतकी, विभीतकी, आमलकी, मुस्ता
(B) मुस्ता, अतिविषा, पिप्पली, कर्कटशृंगी
(C) गुडुची, गोक्षुर, आमलकी, मुस्ता
(D) पिप्पली, शुण्ठी, मरिच, मुस्ता

12. चरक मतानुसार गर्भिणी कार्श्यत्वमापद्यते ——— मास का वर्णन है।

(A) चतुर्थ
(B) पंचम
(C) षष्ठम.
(D) सप्तम

13. पटस्वेद कौन-से वर्ष के बालक में किया जाता है ?

(A) 3 वर्ष
(B) 4 वर्ष
(C) 6 वर्ष से कम.
(D) 6 वर्ष से अधिक

14. हिंग्वाष्टक चूर्ण में हींग की मात्रा कितनी होती है ?

(A) 8 भाग
(B) 4 भाग
(C) 1 भाग
(D) 2 भाग

15. धारणा, ध्यान तथा समाधि को सम्मिलित रूप से क्या कहा जाता है ?

(A) संयम
(B) नियम
(C) यम
(D) प्राणायाम

16. शार्ङ्गधर के अनुसार "दीप्ताग्नि शुद्धकोष्ठस्य पुष्टधातुदृढेन्द्रियः"—ये लाभ निम्नलिखित में से किससे होते हैं ?

(A) स्नेहन
(B) वमन
(C) स्वेदन
(D) नस्य

17. रसेन्द्रसारसंग्रह अनुसार वरुणादि लौह का रोगाधिकार क्या है ?

(A) मूत्राश्मरी
(B) पाण्डु.
(C) मूत्रकृच्छ्र
(D) मूत्राघात

18. "अनार्तवस्तना ——— खरस्पर्शा च मैथुने" किसका लक्षण है ?

(A) फलिनी
(B) अचरणा
(C) षण्डी
(D) अत्यानन्दा

19. सम्यक् विरेचन में निम्नलिखित में से कौन-सा सही अनुक्रम है ?

(A) औषध, विट, पित्त, अनिल
(B) विट, पित्त, कफ, अनिल
(C) औषध, विट, पित्त, कफ
(D) औषध, पित्त, कफ, अनिल



Scanned with CamScanner
Teachingninja.in

20. भस्म मेह का विशेष वर्णन किसने किया है ?

(A) योगरत्नाकर (B) भेल

(C) हारीत (D) शार्ङ्गधर

21. वाग्भट्ट मतानुसार अर्कविलोकन, यह विशेष चिकित्सा किस वेग-धारण में प्रयुक्त है ?

(A) क्षवथु (B) जृम्भा

(C) छर्दि (D) कास

22. वृक्काश्मरी का निर्माण निम्नलिखित में से किसमें होता है ?

(A) हायपरथायरोडिज़्म (Hyperthyroidism)

(B) कशिंग सिन्ड्रोम (Cushing syndrome)

(C) हायपरपैराथायरोडिज़्म (Hyper-parathyroidism)

(D) एडिसन डिज़ीज़ (Addison disease)

23. सूतशेखर रस में भावना द्रव्य —— है।

(A) भृंगराज स्वरस

(B) आमलकी स्वरस

(C) निम्बपत्र स्वरस

(D) घृतकुमारी स्वरस

24. "विस्तीर्ण मृदु बहलं यकृतप्रकाशं श्याव वा"— लक्षणों वाला रोग है :

(A) शुक्लार्म (B) प्रस्तारि अर्म

(C) क्षतज़ अर्म (D) अधिमांस अर्म

25. सुश्रुत मतानुसार तैलचूर्ण द्रोणी में शयन, यह चिकित्सा किस भग्न की है ?

(A) नखभग्न (B) अक्षकारिन्य

(C) पर्शुका (D) पादतल

26. "हितमर्धोदकं सेके तथा आश्चोतनमेव च।" सुश्रुत मतानुसार यह चिकित्सा किस व्याधि में देते हैं ?

(A) वातज अभिष्यंद

(B) अन्यतोवात

(C) वातपर्यय

(D) उपरोक्त सभी

27. 'प्रव्यक्तलक्षणा' किस क्रियाकाल में निर्दिष्ट है ?

(A) चतुर्थ (B) पंचम

(C) षष्ठम (D) प्रथम

28. सुश्रुत मतानुसार मस्तुलुंग स्रावी निज व्रण चिकित्सा है :

(A) साध्य (B) कृच्छ्रसाध्य

(C) याप्य (D) असाध्य



15/09/2022
Scanned with CamScanner
Teachingninja.in

29. HLA-$B_{27}$ टेस्ट विशेष रूप से किस व्याधि के नैदानिक परीक्षण हेतु किया जाता है ?

(A) एंकिलॉजिना स्पॉन्डिलाइटिस (Ankylosing spondylitis)

(B) सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस (Cervical spondylitis)

(C) ऑस्टियोआर्थराइटिस (Osteoarthritis)

(D) रूमेटाइड आर्थराइटिस (Rheumatoid arthritis)

30. आचार्य वाग्भट्ट के अनुसार पीलु घृत किस व्याधि का रोगाधिकार है ?

(A) ग्रहणी (B) वातरक्त

(C) उदर (D) अतिसार

31. कुष्ठ चिकित्सा में रक्तमोक्षण का प्रयोग कब करना चाहिए ?

(A) प्रत्येक मास में

(B) प्रत्येक छः मास में

(C) प्रत्येक 15 दिन में

(D) प्रत्येक 3 दिन में

32. "रक्तैक लोचनः" किसके लिए कहा गया है ?

(A) छिन्न श्वास. (B) गंभीरा हिक्का

(C) ऊर्ध्वश्वास (D) महाश्वास

33. लिंगनाश वेधनी शलाका का प्रमाण निर्दिष्ट है :

(A) 12 अंगुल, (B) 10 अंगुल

(C) 18 अंगुल (D) 8 अंगुल

34. भेरी एवं मृदङ्ग आदि अनेक प्रकार के शब्दों का सुनाई देना किसका लक्षण है ?

(A) कर्णक्ष्वेड. (B) कर्णनाद

(C) कर्णप्रतिनाह (D) कर्णस्राव

35. निरन्न, निर्जल एवं निर्लवण चिकित्सा किस व्याधि हेतु निर्देशित है ?

(A) अतिसार (B) जलोदर

(C) ग्रहणी (D) अजीर्ण

36. संजीवनी वटी में निम्नलिखित में से कौन–से घटकद्वय हैं ?

(A) भल्लातक एवं कुपीलु

(B) वत्सनाभ एवं भल्लातक

(C) मुस्तक एवं विडंग

(D) नागर एवं हरिद्रा

37. आचार्य सुश्रुत के अनुसार नेत्र के श्वेत भाग में खरगोश के रक्त के समान चमकता हुआ यदि केवल एक बिन्दु ही हो, तो उसे क्या कहते हैं ?

(A) शुक्तिका (B) बलास ग्रंथि

(C) अर्जुन (D) पिष्टक



Scanned with CamScanner
Teachingninja.in

**38.** राष्ट्रीय मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम कब शुरू किया गया था?

(A) 1953 (B) 1958

(C) 1960 (D) 1962

**39.** सुश्रुत के अनुसार फल विष की संख्या है :

(A) 8 (B) 12

(C) 5 (D) 7

**40.** निम्नलिखित में से कौन-सी सविष जलौका है?

(A) सावरिका (B) सामुद्रिका

(C) मूषिका (D) कपिला

**41.** मनुष्य के देह के ऊपर तथा उनके कपड़ों में जीने वाले जुएँ आदि जन्तुओं के मारण को क्या कहते हैं?

(A) स्टरलाइजेशन (Sterilization)

(B) फ्यूमिगेशन (Fumigation)

(C) डीलाउजिंग (Delousing)

(D) डिसइन्फेस्टेशन (Disinfestation)

**42.** सुश्रुत ने 'कपाट शयन' विधि का निर्देश किसके लिए किया है?

(A) उर्वास्थि भग्न

(B) कपाल भग्न

(C) हनुसंधिच्युति

(D) उपरोक्त सभी

**43.** चरक मतानुसार व्यान वायु की विकृति में औषध कब सेवन करना चाहिए?

(A) भोजन पूर्व

(B) मध्य भोजन

(C) प्रात:अशित

(D) भोजनोत्तर

**44.** "संतापो भिन्नवर्चस्त्वं बहिरन्तश्च पीतता।
पाण्डुता नेत्रयोर्यस्य लक्षण भवेत्॥"
चरक मतानुसार उपरोक्त लक्षण किस व्याधि के हैं?

(A) कामला

(B) कुम्भकामला

(C) हलीमक

(D) पानकी

**45.** भारत में राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति की शुरुआत हुई थी :

(A) 1981 में (B) 1983 में

(C) 1985 में (D) 1987 में

**46.** राजयक्ष्मा किस रोगमार्ग की व्याधि है?

(A) शाखाश्रित

(B) कोष्ठाश्रित

(C) मर्मास्थिसंधि आश्रित

(D) उपरोक्त सभी



Scanned with CamScanner

Teachingninja.in

47. पुष्यानुग चूर्ण का अनुपान है :

(A) तण्डुलोदक

(B) मधु + तण्डुलोदक

(C) घृत + तण्डुलोदक

(D) सैन्धव लवण + तण्डुलोदक

48. तेल विन्दु मूत्र परीक्षा के दौरान 'छत्र सदृश्य' आकृति मिलना किस दोष का लक्षण है ?

(A) कफ

(B) वात

(C) पित्त

(D) सन्निपात

49. "वातासृग्गुल्महृद्रोग जीर्णज्वरहरं परम्।"
चरक मतानुसार उपरोक्त गुण किस तेल का है ?

(A) सर्षप (B) प्रियाल

(C) एरण्ड (D) अलसी

50. "वेदनोपशांति पाण्डुता अल्पशोफता।"
सुश्रुत मतानुसार यह व्रणशोफ की किस अवस्था के लक्षण हैं ?

(A) आमावस्था

(B) पाच्यमानावस्था

(C) पक्वावस्था

(D) अतिपक्व व्रण

51. रस ग्रंथ अनुसार रजः प्रवर्तन निम्नलिखित में से कौन से लोहयोग का गुणधर्म है ?

(A) मण्डूर (B) कासीस

(C) गैरिक (D) हिंगुल

52. पुनरावर्तक ज्वर में किस प्रकार की वस्ति का प्रयोग किया जाता है ?

(A) यापन वस्ति

(B) क्षार वस्ति

(C) वैतरण वस्ति

(D) वृष्य वस्ति

53. आचार्य सुश्रुत के अनुसार निम्नलिखित में से किस शिरोगत रोग में क्षीर सर्पि को नस्य और पान के रूप में प्रयोग किया जाता है ?

(A) कफज शिरोरोग

(B) शंखक

(C) अर्धावभेदक

(D) अनन्तवात

54. 13 वर्ष के बालक के लिए निरुह वस्ति की मात्रा कितनी होनी चाहिए ?

(A) 7 प्रसृत

(B) 8 प्रसृत

(C) 10 प्रसृत

(D) 11 प्रसृत



Scanned with CamScanner
Teachingninja.in

55. वाग्भट्ट के अनुसार क्षीरालसक में वमन चिकित्सा किसको देनी चाहिए ?

(A) केवल धात्री

(B) केवल बालक

(C) धात्री एवं बालक

(D) निषेध है

56. चरक मतानुसार गर्भिणी परिचर्या में तृतीय महीने में क्षीर और —— साथ में लेना चाहिए।

(A) मधुसर्पि

(B) मधुर औषधि

(C) नवनीत

(D) केवल सर्पि

57. उष: पानार्थ कितना जल मुख से सेवन करना है ?

(A) 3 अंजलि (B) 4 अंजलि

(C) 8 अंजलि (D) 5 अंजलि

58. ग्रीवा एवं मेढ्र में कौन-सा बन्ध प्रयोग किया जाता है ?

(A) प्रतोली (B) खट्वा

(C) अनुवेल्लित (D) स्थगिका

59. काश्यप के अनुसार कुकूणक का कारण है :

(A) वात + रक्त (B) पित्त + कफ

(C) कफ + रक्त (D) त्रिदोषज

60. "पृथुर्गन्थित: समो विषमों" किसके लिए कहा गया है ?

(A) अर्बुद (B) ग्रंथि

(C) अपची (D) शोफ

61. भास्कर लवण चूर्ण में लवण प्रयुक्त होते हैं :

(A) सैंधव, विड, सौवर्चल तथा सामुद्र

(B) सैंधव, सौवर्चल तथा विड

(C) विड, सामुद्र, सौवर्चल तथा साँभर

(D) पंचलवण

62. काले सर्प की चर्बी से अभ्यंग कराने का विधान आचार्य चरक ने किस व्याधि की चिकित्सा में कहा है ?

(A) आमवात (B) संधिवात

(C) अर्श (D) भगन्दर

63. जननी सुरक्षा योजना कब शुरू हुई थी ?

(A) 12 अप्रैल, 2005

(B) 12 मई, 2005

(C) 17 मई, 2005

(D) 12 फरवरी, 2005

64. "लंघनमेवाग्रे विरिक्तवच्चानुपूर्वी" किस व्याधि का चिकित्सा सूत्र है ?

(A) अलसक (B) विलम्बिका

(C) विसूचिका (D) आनाह



15/09/2022 14:30
Scanned with CamScanner
Teachingninja.in

65. एंटी मलेरिया माह है :

(A) अप्रैल (B) मई

(C) सितम्बर (D) जून

66. सुश्रुत मतानुसार लगण व्याधि में ग्रंथि का स्वरूप कैसा होता है ?

(A) कोल मात्र

(B) कोलास्थि मात्र

(C) आमलकास्थि मात्र

(D) आमलकमात्र

67. काश्यप आचार्य ने विरेचन की मध्यम शुद्धि के कितने वेग बताए हैं ?

(A) 8 (B) 10

(C) 12 (D) 15

68. चरक मतानुसार —— जीर्णलक्षणापेक्षः।

(A) उपयोक्ता (B) उपयोग संस्था

(C) राशि (D) देश

69. वाग्भट्ट मतानुसार "ऋत्वोरन्त्यादि सप्ताहाः —— स्मृत"।

(A) यमदंष्ट्रा (B) ऋतुसंधि

(C) ऋतु (D) यमराज

70. "चरणभुजपीलु पार्श्वप्रभृतिषु मारुतजान् विकारान उपजनयति।" चरक मतानुसार ये कौन-से रस के अतिसेवन के लक्षण हैं ?

(A) कटु (B) तिक्त

(C) कषाय (D) अम्ल

71. चरक के अनुसार कषाय रस में किस महाभूत की प्रधानता होती है ?

(A) वायु + पृथ्वी

(B) पृथ्वी + आकाश

(C) पृथ्वी + जल

(D) पृथ्वी + अग्नि

72. चरक मतानुसार चन्दनाद्य तैल किस व्याधि का रोगाधिकार है ?

(A) ग्रहणी दोष (B) ज्वर

(C) अतिसार (D) कास

73. "पाणिपादतलैः श्लक्ष्णैः सततासूयको घृणी"— चरक मतानुसार यह कौन-से कास का लक्षण है ?

(A) कफज

(B) पित्तज

(C) क्षतज

(D) क्षयज



15/09/2022 14:30
Scanned with CamScanner
Teachingninja.in

74. ''रक्तसर्षप सन्निभा पिंडिका'' किसका लक्षण है ?

(A) पोथकी

(B) अक्षिपाकात्यय

(C) वर्त्मशर्करा

(D) पर्वणी

75. योगरत्नाकार ने तालीसादि चूर्ण का रोगाधिकार निम्नलिखित में से किस व्याधि को कहा है ?

(A) अरुचि (B) राजयक्ष्मा

(C) कास (D) ग्रहणी

76. ''कदम्बपुष्पवत्कंटकाचिता'' सुश्रुत मतानुसार ये लक्षण कौन से अश्मरी में बताए गए हैं ?

(A) वाताश्मरी (B) पित्ताश्मरी

(C) कफाश्मरी (D) शुक्राश्मरी

77. वसा और मज्जा स्नेहपान का अनुपान क्या है ?

(A) जल (B) यूष

(C) मण्ड (D) गरम जल

78. शार्ङ्गधर मतानुसार फलघृत निर्माणार्थ कौन से पात्र का निर्देश है ?

(A) ताम्र

(B) मृत्तिका

(C) लोह

(D) ताम्र + मृत्तिका

79. ''न श्लैष्मिके तथा कासे प्रचुरश्लेष्मनिर्गमे''— इस अवस्था में रस ग्रंथ के अनुसार कौन-से द्रव्य का सेवन नहीं करना चाहिए ?

(A) शृंगभस्म (B) अहिफेन

(C) कुचला (D) धत्तूर

80. ''सुप्तता जायते दंशे कृष्णं चातिस्त्रवत्यसृक'' लक्षण है :

(A) राजिमंद दंश का

(B) मूषक विष का

(C) अलर्क विष का

(D) दर्वीकर दंश का

81. चरक मतानुसार ''अकाले वाहमानाया गर्भेण पिहितोऽनिल'' किस योनिव्यापद के हेतु हैं ?

(A) कर्णिनी (B) प्राक्चरणा

(C) अचरणा (D) अंतर्मुखी

82. आचार्य चरकानुसार रक्तगुल्म चिकित्सा में निम्नलिखित में से कौन-सा क्षार प्रयुक्त होता है ?

(A) यवक्षार (B) अपामार्गक्षार

(C) हरिद्रा (D) पलाश

83. मध्यम प्राणायाम में पूरक, कुम्भक व रेचक का अनुपात क्या होता है ?

(A) 16:64:32 सेकण्ड

(B) 8:32:16 सेकण्ड

(C) 32:128:64 सेकण्ड

(D) 16:32:64 सेकण्ड



15/09/2022 14:31
Scanned with CamScanner
Teachingninja.in

84. विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सबके लिए स्वास्थ्य सम्बन्धी अल्मा-अता घोषणा किस वर्ष की थी ?

(A) 1948 (B) 1978

(C) 2010 (D) 2013

85. "फेनसंघात तत्तु कृच्छ्रात प्रवर्तते।" चरक मतानुसार इस स्तन्य दोष में किस दोष की प्रधानता रहती है ?

(A) वातज

(B) पित्तज

(C) कफज

(D) संसृष्तलिंग

86. फक्क व्याधि में —— द्रव्य द्वारा शोधन दें।

(A) एरण्ड

(B) हरीतकी

(C) त्रिवृत्त

(D) आरग्वध

87. सुश्रुत मतानुसार बिल्वादि तैल से कर्णपूरण का निर्देश है :

(A) वातज कर्णशूल

(B) वाधिर्य

(C) पित्तज कर्णशूल

(D) कफज कर्णशूल

88. पंचकोल समाविष्ट बालकों के लिए कल्प है :

(A) कुमारकल्याण रस

(B) दंतोद्भेदगदान्तक रस

(C) बालचातुर्भद्र

(D) दंतकेसरी

89. वाग्भट्टानुसार शंखक व्याधि में किस दोष की प्रधानता है ?

(A) वातज

(B) पित्तज

(C) सन्निपातज

(D) सन्निपातज रक्तज

90. सुश्रुत मतानुसार रसायन चिकित्सा —— व्याधियों में वर्णित है।

(A) नासागत

(B) कर्णगत

(C) शिरोगत

(D) नेत्रगत

91. 'Bitot's spot' किस व्याधि में पाया जाता है ?

(A) रिकेट्स (Rickets)

(B) टायफाइड (Typhoid)

(C) जीरोफ्थैल्मिया (Xerophthalmia)

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं



Scanned with CamScanner
Teachingninja.in

92. निम्नलिखित में से कौन-सी उक्ति सही है ?

(A) योनि की आकृति शंख नाभि सदृश होती है, तीन आवर्त होते हैं, प्रथम आवर्त में गर्भशय्या स्थित है।

(B) योनि की आकृति शंख नाभि के सदृश होती है, दो आवर्त होते हैं, प्रथम आवर्त में गर्भशय्या स्थित है।

(C) योनि की आकृति शंख नाभि सदृश होती है, तीन आवर्त होते हैं, द्वितीय आवर्त में गर्भशय्या स्थित है।

(D) योनि की आकृति शंख नाभि सदृश होती है, तीन आवर्त होते हैं, तृतीय आवर्त में गर्भशय्या स्थित है।

93. 18 वर्ष के रुग्ण के लिए चरकानुसार वस्ति नेत्र का प्रमाण कितना होना चाहिए ?

(A) 6 अंगुल (B) 8 अंगुल

(C) 11 अंगुल (D) 12 अंगुल

94. वाग्भट्ट मतानुसार शशांक किरण भोजन किस ऋतु में लेने का वर्णन है ?

(A) वसंत (B) शरद्

(C) ग्रीष्म (D) हेमन्त

95. सुश्रुत मतानुसार 'परिदर' व्याधि है :

(A) दन्तमूलगत (B) ओष्ठगत

(C) दन्तगत (D) जिह्वागत

96. ''विषपानं दष्टानां विषपीते दंशनम्।''
चरक के अनुसार किस विष वेग की चिकित्सा है ?

(A) षष्टम (B) सप्तम

(C) पंचम (D) चतुर्थ

97. चक्रपाणि के अनुसार शतावरी मण्डूर किसका रोगाधिकार है ?

(A) ज्वर (B) अम्लपित्त

(C) पाण्डु (D) परिणामशूल

98. ''कफशोणितमांसानां सारो जिव्हा प्रजायते।''
यह किसने बताया है ?

(A) चरक (B) योगरत्नाकर

(C) सुश्रुत (D) शार्ङ्गधर

99. चरक मतानुसार किस द्रव्य का अति सेवन अन्धत्व के लिए कारणीभूत है ?

(A) पिप्पली

(B) क्षार

(C) लवण

(D) उपरोक्त सभी

100. ''कुर्यात आमरणात क्रिया।'' चरक मतानुसार यह किस व्यापद की चिकित्सा है ?

(A) हृदग्रह (B) परिस्राव

(C) अंगग्रह (D) जीवादान



15/09/2022 14:31

Scanned with CamScanner

Teachingninja.in